**SNBP INTERNATIONAL & Sr. SECONDARY SCHOOL, CHIKHALI, PUNE**
**Affiliation No. 1130703**
**PT IV 2024-25 ANSWER KEY**

| GRADE: III | SUBJECT: HINDI | DATE: 05.03.2025 | TIME: 2HRS | MARKS: 60 |
|---|---|---|---|---|

**खंड –क**

**प्रश्न१.अ दिए गए अपठित गद्यांश को पढ़िए और प्रश्नों के उत्तर लिखिए -**

**(5Q X 1M = 5M)**

पेड़ हमारे जीवन के लिए बहुत जरुरी है | वे हमें ताजी हवा, फल, लकड़ी और छाया देते हैं | पेड़ पक्षियों का घर भी होते हैं | पक्षी पेड़ों की डालियों पर अपना घोंसला बनाते हैं | हमें पेड़ों को काटना नहीं चाहिए, बल्कि ज्यादा से ज्यादा पेड़ लगाने चाहिए | पेड़ हमारे पर्यावरण को सुंदर और स्वच्छ बनाते हैं | अगर हम पेड़ों की देखभाल करेंगे, तो हमारा जीवन भी सुखी रहेगा |

i) पेड़ हमें क्या देते हैं ?
क) ताजी हवा  ख) फल  ग) लकड़ी  घ) उपर्युक्त सभी

ii) पक्षी अपना घोंसला कहाँ बनाते हैं ?
क) जमीन पर  ख) पानी में  ग) पेड़ों की डालियों पर  घ) पहाड़ों पर

iii) हमें क्या नहीं करना चाहिए ?
क) पेड़ लगाना  ख) पेड़ों को काटना  ग) पेड़ों की देखभाल  घ) पेड़ों को पानी देना

iv) पेड़ हमारे पर्यावरण को कैसा बनाते हैं ?
क) गंदा  ख) सुंदर और स्वच्छ  ग) सूखा  घ) ख़राब

v) पेड़ों की देखभाल करने से हमारा जीवन कैसा होगा ?
क) कठिन  ख) सुखी  ग) निराशाजनक  घ) छोटा

**प्रश्न१.ब दिए गए अपठित गद्यांश को पढ़िए और नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए-**

**(5Q X 1M = 5M)**

सूरज सुबह आसमान में निकलता हैं और हर तरफ रोशनी फैलती हैं |पक्षी चहचहाने लगते हैं और फूल खिल जाते हैं | किसान खेतों में काम करने जाते हैं | बच्चे स्कूल जाते हैं और दिनभर पढ़ाई करते हैं | सूरज शाम को ढलने लगता हैं और अंधेरा छा जाता है | रात को चाँद और तारे आसमान में चमकते हैं | सूरज हमें सिखाता हैं कि हर दिन नया होता हैं और हमें मेहनत से काम करना चाहिए |

i) सूरज कब निकलता हैं ?
क) सुबह  ख) दोपहर  ग) शाम  घ) रात

ii) सूरज निकलने पर क्या होता हैं ?
क) रोशनी फैलती है  ख) अंधेरा होता है  ग) तारे दिखते हैं  घ) बारिश होती है

iii) किसान कहाँ जाते हैं ?
क) बाजार  ख) घर  ग) खेत  घ) स्कूल

iv) सूरज हमें क्या सिखाता हैं ?

क) सोना	ख) खेलना	ग) मेहनत करना	घ) आराम करना

v) रात को आसमान में क्या चमकते हैं ?

क) फूल	ख) तारे और चाँद	ग) पक्षी	घ) सूरज

**प्रश्न१.अ दिए गए प्रश्नों के सही उत्तर चुनकर लिखिए - ( सिर्फ सात )**

**(7Q X 1M =7M)**

i) 'मैं आज खुश हूँ ।' इस वाक्य में सर्वनाम शब्द पहचानिए ।

क) मैं	ख) आज	ग) खुश	घ) हूँ

ii) 'मेरे पास रंग-बिरंगा पतंग है।' इस वाक्य में विशेषण शब्द पहचानिए ।

क) पास	ख) मेरे	ग) रंग-बिरंगा	घ) है

iii) "पर्स में दस रुपए हैं।" इस वाक्य में विशेषण शब्द पहचानिए ।

क) पर्स	ख) दस	ग) में	घ) रुपए

iv) 'फूल' का सही पर्यायवाची शब्द लिखिए ।

क) सुमन	ख) नभ	ग) सूरज	घ) हवा

v) 'सीमा ने गीत ___________।' इस वाक्य में सही क्रिया शब्द से खाली जगह भरिए ।

क) गाया	ख) चलना	ग) खाना	घ) जाना

vi) 'पिता जी फोन पर बात कर रहें हैं।' इस वाक्य में क्रिया शब्द पहचानिए ।

क) पिता जी	ख) फोन	ग) बात कर रहे हैं	घ) इनमें से नहीं

vii) 'हँसना' शब्द का सही विलोम शब्द पहचानिए

क) झूट	ख) पानी	ग) बाहर	घ) रोना

viii) 'काला' शब्द का सही विलोम शब्द पहचानिए ।

क) दुःख	ख) सुख	ग) सफ़ेद	घ) बुरा

**प्रश्न२.ब दिए गए प्रश्नों के सही उत्तर चुनकर लिखिए - ( सिर्फ सात )**

**(7Q X 1M =7M)**

i) जो गाना गाता हैं– इस वाक्य में से अनेक शब्दों के लिए एक शब्द लिखिए ।

क) अनुज	ख) गायक	ग) बलवान	घ) सरल

ii) जहाँ इलाज किया जाता हैं- इस वाक्य में से अनेक शब्दों के लिए एक शब्द लिखिए ।

क) पाठशाला	ख) भारतीय	ग) अस्पताल	घ) कवि

iii) अनेक रंगों वाला - इस वाक्य में से अनेक शब्दों के लिए एक शब्द लिखिए ।

क)रंग –बिरंगा	ख) दैनिक	ग) सरल	घ) फलहारी

iv) 'आँखों का तारा होना' दिए गए मुहावरे के सही अर्थ पहचानिए ।

क) जी ललचाना	ख) बहुत प्यारा	ग) पछताना	घ) तैयार होना

v) 'नौ दो ग्यारह होना' दिए गए मुहावरे के सही अर्थ पहचानिए ।

क) भाग जाना	ख) हरा देना	ग) डर जाना	घ) पछताना

vi) '४९' के बाद ___________ आता हैं । सही गिनती अंक लिखिए ।

क) ४०	ख) ४८	ग) ५०	घ) ३९

vii) 'इकतीस' के बाद __________ आता हैं | सही गिनती शब्द लिखिए |

क) बत्तीस ख) तैंतीस ग) चौंतीस घ) पैंतीस

viii) '२५' के बाद __________ आता हैं | सही गिनती अंक लिखिए |

क) २७ ख) २६ ग) २८ घ) २३

## खंड –ख

**प्रश्न३.अ दिए गए पठित गद्यांश को पढ़कर प्रश्नों के उत्तर लिखिए -**

**(5Q X 1M = 5M)**

शाम हो चुकी थी | एक बालक अपने घर लौट रहा था | वह जंगल के रास्ते खेलता-कूदता चला जा रहा था | अचानक उसकी दृष्टि एक पेड़ की नीची टहनी पर पड़ी | उसने देखा, वहाँ एक छोटे-से घोंसले में दो अंडे रखे हैं और उनके पास एक चिड़िया बैठी हैं | बालक रुक गया | उसे वे अंडे बड़े अच्छे लगे | उसने सोचा कि इन अंडों को घर ले चलूँ | माँ को दिखाऊँगा तो बड़ी प्रसन्न होंगी |

i) बालक कहाँ लौट रहा था ?

क) शहर ख) घर ग) पाठशाला घ) बगीचा

ii) छोटे से घोंसले में कितने अंडे रखे थे ?

क) दो ख) एक ग) सात घ) चार

iii) किसे वे अंडें अच्छे लगे ?

क) चिड़िया को ख) बालक को ग) माँ को घ) इनमें से नहीं

iv) अंडों को देखकर कौन प्रसन्न होंगी |

क) माँ ख) बहन ग) नानी घ) चाची

v) 'जंगल' शब्द का सही पर्यायवाची शब्द _____ होगा |

क) शाम ख) नदी ग) वन घ) पहाड़

**प्रश्न३.ब दिए गए पठित पद्यांश को पढ़कर प्रश्नों के उत्तर लिखिए -**

**(5Q X 1M = 5M)**

सुबह – सुबह ही पूर्व दिशा में,
छा जाती लाली |
और झूमती पुरवाई भी,
शीतल मतवाली |
खग कलरव मधुमय रस घोले,
और काग की काँव |
प्रकृति जहाँ पर रूप सँवारें,
ऐसा मेरा गाँव |

i) लाली कब और कहाँ छा जाती है ?

क) सुबह, पूर्व दिशा में ख) उत्तर दिशा में ग) दक्षिण दिशा में
घ) इनमें से कोई नहीं

ii) शीतल मतवाली क्या हैं ?

क) लाली ख) सुबह ग) पुरवाई घ) गरमी

iii) खग कलरव __________ रस घोले ।

क) मधुमय ख) शरारती ग) कड़वा घ) चटपटा

iv) प्रकृति कहाँ पर आपना रूप सँवारती हैं ?

क) गाँव ख) शहर ग) मैदान घ) पानी

v) 'काग' का पर्यायवाची शब्द है ।

क) चिड़िया ख) कौआ ग) मोर घ) कोयल

**खंड –ग**

**प्रश्न४.अ गद्य पाठों पर आधारित प्रश्नों के उत्तर चुनकर लिखिए -**

**(2Q X 1M =2M)**

i) पहाड़ पर कितने गड़रिये थे ?

क) दो ख) तीन ग) एक घ) चार

ii) पेड़ पर कौन बैठा था ?

क) शतपत्र ख) हाथी ग) चूहा घ) खरगोश

**प्रश्न४.ब पद्य पाठों पर आधारित प्रश्नों के उत्तर चुनकर लिखिए -**

**(2Q X 1M =2M)**

i) लोमड़ी ने क्या पकाया था ?

क) खीर ख) सूप ग) चाय घ) हलवा

ii) नदी की धारा कैसे बहती है ?

क) कल-कल ख) गड-गड ग) चम-चम घ) छन-छन

**प्रश्न५.अ दिए गए प्रश्नों के उत्तर एक वाक्य में लिखिए -**

**(4Q X 1M =4M)**

i) सारस ने सूप किसमें परोसा ?

उत्तर सारस ने सूप लंबे जग में परोसा ।

ii) गड़रिये पहाड़ पर क्या करने गए थे ?

उत्तर गड़रिये पहाड़ पर भेड़ों को चराने गए थे ।

iii) बालक किस रास्ते से चला जा रहा था ?

उत्तर बालक जंगल के रास्ते से चला जा रहा था ।

iv) टेसू के फूलों से क्या बनाया गया था ?

उत्तर टेसू के फूलों से रंग ,गुलाल बनाया गया था ।

**प्रश्न५.ब दिए गए कविता की पंक्तियाँ पूरी कीजिए -**

(2Q X 1M =2M)

i) खेत जहाँ पर हरे भरे हैं, हरदम लहराते |

ii) जिन्हें देखकर सब किसान जन , मन में हरषाते |

**प्रश्न.६ दिए गए प्रश्नों के उत्तर दो – तीन वाक्य में लिखिए – (सिर्फ तीन )**

(3Q X 2M =6M)

i) बालक बार –बार चौंककर क्यों उठ जाता था ?

उत्तर बालक के सपने में चिड़िया आकर बार-बार चीं –चीं करती रही ,जिसके कारण वह चौंककर उठ जाता |

ii) प्रकृति गाँव का रूप कैसे सवाँरती है ?

उत्तर गाँव में सब जगह हरियाली होती है |बड़े –बड़े पेड़ों पर चिड़िया अपना राग सुनती है और स्वच्छ जल से भरी नदियाँ बहती हैं |जो देखने में अत्यंत मनभावन लगता है |

iii) माँ ने रंग कैसे बनाए ?

उत्तर पहले माँ टेसू के फूल बाज़ार से ले आई |फिर उन्होंने चन्दन को भिगोया और टेसू के फूलों को उबालकर रंग बनाया |

iv) बच्चों ने होली कैसे मनाई ?

उत्तर पहले सबने एक – दूसरे को गुलाल लगाया और उसके बाद खूब मिठाई खाई |सबने होली के गीत गाए और नृत्य किया |

**खंड –घ**

**प्रश्न.७i) अपने मित्र /सहेली को उसके जन्मदिन की शुभकामना देने के लिए पत्र लिखिए –**

**अथवा**

**(1Q X 5 M = 5M)**

**ii) 'मेरी प्यारी किताब' इस विषय पर अनुच्छेद लिखिए –**


**प्रश्न.८i) दिए गए संकेतों को आधार पर कहानी लेखन कीजिए -**

**(1Q X 5 M = 5M)**

एक दिन एक लोमड़ी भूख से बेहाल जंगल में भटकना --वह सारा दिन जंगल में घूमती रहना --- भटकती हुई वह एक बगीचे में आना --- जहाँ बेल पर पके हुए अंगूरों के गुच्छे लटकना --- यह देखकर उसके मुँह में पानी आना --- वह उछल –उछलकर अंगूरों के गुच्छे तक पहुँचने की कोशिश करना --- आखिर थककर उसने कोशिश छोड़ देना -- जाते –जाते अपने मन को समझाने के लिए कहना -- अंगूर खट्टे हैं |

**अथवा**

**ii) दिए गए चित्र की सहायता से ९ – १० वाक्यों में चित्र वर्णन कीजिए -**


FRESH
FRUIT